रिपोर्ट

कोठारी इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में दिनांक 20 अगस्त 2019 को “ शांति , न्याय और संगठन “ पर आधारित प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जो कि “ सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स “ के गोल -16 पर आधारित थी जिसमें कक्षा- चार (ई) के सभी विद्यार्थियों ने बढ़- चढकर हिस्सा लिया। प्रार्थना सभा के शीर्षक को महात्मा गांधी जी के बचपन की घटना से जोड़ा गया । प्रार्थना सभा में महात्मा गांधीजी के दक्षिण आफ्रिका में सन 1893 में हुई घटना को दिखाया गया और महात्मा गांधी जी ने अहिंसा जैसे हथियार के साथ कई बार सत्याग्रह कर भारत को किस तरह आजाद कराया की झलक पेश की गई। कक्षा के विद्यार्थियों ने “ इंसाफ की डगर पे बच्चों दिखाओ चल के “ को गाकर वातावरण में जोश भर दिया । विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मंजू गुप्ता तथा श्रीमती प्रियंका चित्रवंशी ने सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस प्रार्थना सभा में बच्चों की लगन व उत्साह को दर्शकों ने सराहा तथा तालियों की गडगडाहट से उन्हें प्रोत्साहित किया।

Kothari International School

Kothari International School